प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

निर्वाचन आयोग

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ में होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन भरने का आज दूसरा दिन है। पिछले कल किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। भारत निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित की है जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून तय की गई है। उपचुनाव के लिए मतदान 10 जुलाई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।

इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि कांगड़ा व सोलन जिलों के केवल उन विधानसभा क्षेत्रों में ही आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी जिनमें उपचुनाव होने हैं। उन्होंने बताया कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के दृष्टिगत पूरे हमीरपुर जिला में आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी।

ग्रीष्मोत्सव

शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव आज से शुरू हो रहा है। ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित होने वाले चार दिवसीय ग्रीष्मोत्सव का शुभारम्भ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। जबकि समापन अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा ने बताया कि ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग कुलदीप शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। ग्रीष्मोत्सव के दूसरे दिन 16 जून को प्रसिद्ध पार्श्व गायक बॉलीवुड गायक साज भट्ट लोगों का मनोरंजन करेंगे। तीसरी संध्या में पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अययर जबकि आखिरी सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्व पंजाबी गायम दलेर मेहंदी धमाल मचाएंगे। इसके अलावा हिमाचली सहित अन्य राज्यों के कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ग्रीष्मोत्सव के दौरान खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंडी जिले के द्रंग विधानसभा क्षेत्र में घ्राण, देयोरी, बागी कटौला और कथोग स्कूल के भवनों का शिलान्यास किया। इन पर लगभग 17 करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी। इसके अलावा शिक्षा मंत्री ने स्वाड़ में नवनिर्मित स्कूल भवन का उद्घाटन भी किया।

रोहित ठाकुर ने कहा कि अगले महीने से सीधी भर्ती और पदोन्नति से 1 हजार 200 से अधिक स्कूल प्रवक्ताओं के खाली पद भरने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीते 16 महीनों में प्रदेश सरकार ने कॉलेजों में 105 प्रधानाचार्य और 630 सहायक प्राचार्यों के पदों को भरा है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के कुछ स्थानों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। 18 जून से प्रीमानसून की वर्षा का दौर शुरू होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। जून के अंतिम सप्ताह मानसून के प्रदेश में पहुंचने की संभावना है। इस बीच देश के मैदानी हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए भारी संख्या में सैलानी प्रदेश के पर्यटन स्थलों का रूख कर रहे हैं। शिमला, मनाली, खजियार, डल्हौजी व चायल सहित अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों का तांता लगा हुआ है। हालांकि शिमला में पर्यटक वाहनों की आमद में हो रही बढ़ौतरी से लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है।

<u>एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने भीषण गर्मी के प्रकोप से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–पहाड़ भी तपे, 10 साल बाद शिमला का अधिकतम तापमान 31 डिग्री पहुंचा। दैनिक जागरण के शब्द हैं–हिमाचल में अधिकतम तापमान का रिकार्ड टूटा, नेरी में पारा 46 दशमलव सात डिग्री। दैनिक भास्कर लिखता है–जेठ की गर्मी से बचने को सैलानियों का पहाड़ों की ओर रूख–मनाली, शिमला, चंबा और धर्मशाला में रोज पहुंच रहे 50 से 60 हजार सैलानी। दैनिक सवेरा टाइम्स का शीर्षक है–हिमाचल के 10 शहरों का तापमान 40 पार, येलो अलर्ट जारी।

दिव्य हिमाचल ने प्रदेश हाईकोर्ट के निर्देश को सुर्खी दी है–बरसात से पहले सड़कों को दुरूस्त करे सरकार। वहीं दैनिक भास्कर के शब्द हैं–हाईकोर्ट के बरसात से निपटने को सरकार और एनएचआई को निर्देश।

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–दिल्ली और हरियाणा बनाए सहमति, हिमाचल ने नहीं रोका पानी। जबकि हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–हिमाचल के पानी के लिए हरियाणा से सहमति बनाए दिल्ली।

तीनों उपचुनावों में कैडर को अधिमान देगी कांग्रेस शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है–दिल्ली में बनी रणनीति, मुख्यमंत्री सुक्खू वरिष्ठ नेताओं से मिले–नालागढ़ से बावा का टिकट लगभग तय, देहरा और हमीरपुर से दौड़ में अब दो–दो नाम। दैनिक भास्कर लिखता है–उपचुनाव के प्रत्याशियों का एलान आज संभव।

दैनिक सवेरा टाइम्स की एक खबर है—एसपी सिरमौर पर आरोप लगाकर लापता हुआ हैड कांस्टेबल हरियाणा में मिला। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है—ऊना के आशीष को एजेंटों ने जार्जिया की जगह म्यांमार भेजा, लुटेरों ने बनाया बंधक।